प्रकाशनार्थ

आरा 02 अप्रैल। एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टिट्यूट (आद्री), पटना और बिहार स्वास्थय सुरक्षा समिति (बीएसएसएस), पटना द्वारा बक्सर, रोहतास, कैमूर एवं आरा जिले के आयुष्मान भारत अंतर्गत सूचीवद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक एवं आरोग्य मित्रों के लिए "ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस)-2.0" पर आज एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीएमएस-2.0 भारत सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना "आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई)" का अपग्रेडेड वेबसाइट पोर्टल है। आद्री बिहार में बिहार स्वास्थय सुरक्षा समिति द्वारा संचालित "आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" को तकनीकी सहयोग प्रदान करती है।

डा. शिवेन्द्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन, भोजपुर एवं शैलेश चंद्र दिवाकर, प्रशासी पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, पटना द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के चलते आज हम पुराना शाहाबाद एक छत के नीचे बैठ कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इससे पूर्व सिविल सर्जन ने आगत अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं पौधा दे कर सम्मानित किया।

उदघाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बिहार स्वास्थय सुरक्षा समिति (बीएसएसएस), पटना के प्रशासी पदाधीकारी श्री शैलेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि सरकार इस योजना को सुगमता से संचालित करने के लिए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (ए.आई) की मदद ले रही है। ए.आई पोर्टल में आ रहे कमियों को ही दूर नहीं करेगी बल्कि तमाम गड़बड़ियों को चिन्हित करते हुए उसपर एक्शन भी लेगी।

तकनीकी सत्र आरंभ होने से पूर्व डा. आलोक रंजन, निदेशक-आपरेशन ने प्रशिक्षण का विषय प्रवेश किया।

तकनीकी सत्र में डा. नीरज कुमार सिंह, निदेशक हेल्थकेयर, संतोष कुमार झा, निदेशक आई.टी, प्रकाश चंद्र झा, रितेश मिश्रा, सीएचपी-आद्री के टीम लीडर डा. सूरज शंकर, अनीशा सक्सेना ने विषयानुसार क्रमशः प्रशिक्षण कार्य का सम्पादन किया।

इससे पूर्व डा. प्रतीक एवं श्री मृत्युंजय कुमार, डीपीसी, आयुष्मान भारत, भोजपुर ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में पटना से आए आयुष्मान भारत के पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार, इन्द्रजीत गोस्वामी, दिलीप कुमार एवं संजीव कुमार ने भाग लिया।

(अभिषेक प्रसाद)